प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिल्ली में प्रधानमंत्री से भेंट कर किसान कल्याण वर्ष की प्रगति की जानकारी साझा की ।
- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल में आधुनिक कैंसर ब्लॉक और विश्वस्तरीय रेडिएशन मशीन का उद्घाटन किया।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना में छात्रों से 'जॉब क्रिएटर' बनने का आह्वाहन किया।
- हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने कहा है कि भोजशाला मामले की नियमित सुनवाई से पहले स्थल का निरीक्षण आवश्यक है ।

मुख्यमंत्री-भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मुलाकात के दौरान डॉ. यादव ने विशेष रूप से प्रदेश में मनाए जा रहे 'किसान कल्याण वर्ष' की प्रगति साझा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर नई पहल कर रही है।अपने दिल्ली प्रवास के दौरान श्री यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी सौजन्य भेंट की।

अभिमुखीकरण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में एक महत्वपूर्ण अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन प्रदेश में मनाए जा रहे 'कृषक कल्याण वर्ष 2026' के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन के लिए आयोजित किया गया था।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'जल है तो कल है' के संकल्प के साथ प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तीसरे चरण की घोषणा की है। आगामी 19 मार्च को भारतीय नववर्ष के अवसर पर उज्जैन के शिप्रा तट से इस 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो चरणों में प्रदेश में साढ़े तीन लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया है। अब 30 जून तक चलने वाले इस नए अभियान के तहत प्राचीन तालाबों, कुओं और बावड़ियों को जनभागीदारी के माध्यम से पुनर्जीवित किया जाएगा।

## रेडिएशन मशीन -शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज भोपाल के निजी कॉलेज में एक आधुनिक कैंसर ब्लॉक और विश्वस्तरीय रेडिएशन मशीन का शुभारंभ किया। इस नए ब्लॉक में स्वीडन की अत्याधुनिक 'एलेक्टा हार्मनी' रेडिएशन मशीन के साथ-साथ लीनियर एक्सीलरेटर और पीईटी-सीटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश के कैंसर मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि भोपाल के साथ-साथ ग्वालियर, इंदौर, रीवा और जबलपुर में भी आधुनिक कैंसर ब्लॉक तैयार किए गए हैं।

## सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना के हरिपुर स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (FDDI) परिसर में विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक तकनीक, नवाचार और भारतीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि युवा शक्ति ही देश के नवाचार की असली शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल 'जॉब सीकर' न बनकर 'जॉब क्रिएटर' बनने का संकल्प लें। मंत्री श्री सिंधिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'लोकल टू ग्लोबल' के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि फुटवियर डिजाइनिंग जैसे उभरते क्षेत्र में युवाओं की रचनात्मकता भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

धार भोजशाला

धार की ऐतिहासिक भोजशाला मामले में आज मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ ने स्पष्ट किया है कि नियमित सुनवाई शुरू करने से पहले माननीय न्यायाधीश स्वयं विवादित स्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे। अदालत ने आज पक्षकार बनने के लिए आए सभी आवेदनों को स्वीकार कर लिया है, ताकि सभी पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर मिल सके। मामले की नियमित सुनवाई आगामी 2 अप्रैल से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले मूल याचिकाकर्ताओं और फिर पक्षकारों को सुना जाएगा।

लोकसभा - रेल अनुदान मांग

लोकसभा में रेल मंत्रालय के वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हो गई है। कांग्रेस के तारिक अनवर ने आरोप लगाया कि सरकार अपने ही लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत एक हजार तीन सौ 37 स्टेशनों में से केवल एक सौ 60 स्टेशनों पर ही पुनर्विकास कार्य पूरा हुआ है। भाजपा के गणेश सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में रेलवे में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अपनाया गया है और रेलवे नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2013-14 में रेलवे का बजट मात्र 63 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

साहित्य अकादमी पुरस्कार

साहित्य अकादमी ने आज 24 भारतीय भाषाओं के लिए वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 की घोषणा की है। प्रसिद्ध लेखिका ममता कालिया को उनके हिन्दी संस्मरण जीते जी इलाहाबाद के लिए और प्रसिद्ध राजनयिक नवतेज सरना को उनके अंग्रेज़ी उपन्यास क्रिमसन स्प्रिंग के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में गर्मी के बीच मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में भोपाल, इंदौर और जबलपुर समेत कई बड़े शहरों में तापमान 36 डिग्री के पार पहुँच गया है, लेकिन 17 मार्च की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इस नए सिस्टम के प्रभाव से 18 और 19 मार्च को प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक के आसार हैं, जिससे तपती गर्मी से अस्थायी राहत मिल सकती है। हालांकि, विभाग ने चेतावनी दी है कि अप्रैल और मई के महीनों में गर्मी के तेवर और कड़े होंगे, जहाँ ग्वालियर, चंबल और सागर संभागों में पारा 45 डिग्री के ऊपर जा सकता है।

समाचार संक्षेप में :-

- रायसेन जिला मुख्यालय स्थित वन परिसर में आज से सात दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
- राजगढ़ पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम के ह्यूमिडिटी प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया।
- शहडोल जिले के पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के फोरेंसिक विभाग ने एआई आधारित फॉरेंसिक इंटेलिजेंस के प्रयोग से एक शव की पहचान करने में अपेक्षित सफलता हासिल की है।
- नीमच में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजनान्तर्गत अन्तर्गत धाकडखेडी निवासी बालिका की  निःशुल्क सफल सर्जरी इन्दौर के निजी चिकित्सालय में करवाई गयी।
- मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर में 19 मार्च हिन्दू नववर्ष के अवसर पर सुबह सूर्य उपासना का विशेष कार्यक्रम होगा।
- देवास जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कल एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

--------------------